गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

**राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद**
**जी-7, सेक्टर - 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110 075**

**F. No. NCTE-Estt015/1/2023-Esst Section-HQ** **दिनांक : 03.08.2023**

## रिक्ति परिपत्र

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एक सांविधिक निकाय है जिसकी स्थापना एनसीटीई अधिनियम 1993 के तहत शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के तहत की गई है, यह परिषद अपने मुख्यालय और क्षेत्रीय समितियों के लिए नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकारों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/वैधानिक/अर्ध सरकारी/स्वायत्त संगठनों और अन्य संगठनों के पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करती है।

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | 7वें सी पी सी के अंतर्गत वेतन बैंड तथा मैट्रिक्स स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | उप सचिव | 04 | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (7वें वेतन आयोग के अनुसार 78800 से 2092 00) |
| 2 | अवर सचिव | 01 | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (7वें वेतन आयोग के अनुसार 67700 से 208700) |
| 3 | कनिष्ट लेखा अधिकारी (जे ए ओ) | 02 | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-06 (7वें वेतन आयोग के अनुसार 35400 से 112400) |

2. चयन के समय रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है।

3. परिस्थितियों के अनुरूप एनसीटीई के पास पदों की संख्या बदलने या विज्ञापित पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

4. पात्रता, सेवा, अनुभव और आवेदन जमा करने की प्रक्रिया से संबंधित विवरण एनसीटीई की वेबसाइट www.ncte.gov.in/jobportal से डाउनलोड किया जा सकता है।

5. पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2023 होगी।

03/08/23

**उप सचिव (प्रशासन), एनसीटीई**

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

**राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद**
**जी-7, सेक्टर - 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110 075**

**F.No.NCTE-Estt015/1/2023-Esst Section-HQ Dated: 03.08.2023**

## रिक्ति परिपत्र

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एक सांविधिक निकाय है जिसकी स्थापना एनसीटीई अधिनियम 1993 के तहत शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के तहत की गई है। इसकी स्थापना पूरे देश में अध्यापक शिक्षा प्रणाली के नियोजित और समन्वित विकास को प्राप्त करने, अध्यापक शिक्षा प्रणाली में मानदंडों और मानकों के विनियमन और उचित रखरखाव और उससे जुड़े मामलों के लिए की गई है।

2. विदेशी सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकारों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सांविधिक, अर्ध सरकारी स्वायत्त अथवा अन्य संगठनों के तहत कार्यरत पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों से ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड को पूरा करने पर प्रारंभिक रूप से सेवाकाल एक वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे डीओपीटी ओएम दिनांक 17.02.2016 के अनुसार विस्तारित किया जा सकता है:-

**क पद का नाम - उप सचिव - चार (04) पद**

वेतनमान - वेतन मैट्रिक्स में स्तर -12 (7वें वेतन आयोग के अनुसार 78800 से 209200 रुपये)

**(क) योग्यताएं और अनुभव:**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या वैधानिक, अर्ध सरकारी, स्वायत्त या अन्य संगठनों के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारी।

(क)(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना

**या**

वेतन मैट्रिक्स (67700-208700 रुपये) में यूजीसी स्केल स्तर -11 में नियमित आधार पर एसोसिएट प्रोफेसर का पद धारण करना;

**या**

वेतन मैट्रिक्स (रु. 67700-208700) के स्तर -11 या समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद दिए गए ग्रेड में पांच साल के लिए मूल संवर्ग में नियमित आधार पर पद धारण करना।

**तथा**

**(ख) जिसके पास**

(i) प्रशासन या शैक्षिक प्रशासन या वित्त या कानूनी मामलों में दो साल का अनुभव हो।

तथा

(ii) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की जानकारी जैसे डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली को संभालना और ऑफ-लाइन और ऑन-लाइन इलेक्ट्रॉनिक्स संसाधनों का उपयोग करना।

**निम्नलिखित योग्यता/अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी: -**

i. शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि

ii. केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/वैधानिक या अर्ध सरकारी या स्वायत्त निकायों, शैक्षणिक संस्थानों आदि से अध्यापक पात्रता परीक्षा, मांग आपूर्ति अध्ययन / संस्थागत और संकाय डेटा बेस विकास / पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम डिजाइन / ई-मॉनिटरिंग / मुक्त तथा दूरवर्ती (ओडीएल) और ई-संसाधन / संस्थानों या कार्यक्रम का प्रत्यायन / कार्यशाला आयोजन/ ऑनलाइन शिक्षा और संसाधनों से संबंधित परियोजना क्षेत्रों में अनुभव।

**ख पद का नाम - अवर सचिव - एक (01) पद**

वेतनमान - वेतन मैट्रिक्स में स्तर -11 (7वें वेतन आयोग के अनुसार 67700 से 208700 रुपये)

**(क) योग्यताएं और अनुभव:**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या वैधानिक, अर्ध सरकारी, स्वायत्त या अन्य संगठन के अधीन अधिकारी।

(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना;

**या**

(ii) वेतन मैट्रिक्स (56100-177500 रुपये) में लेवल -10 में यूजीसी स्केल में नियमित आधार पर सहायक प्रोफेसर के पद पर पांच साल तक कार्यरत रहना;

**या**

(iii) वेतन मैट्रिक्स (रु. 56100-177500) या समकक्ष स्तर -10 में नियुक्ति के बाद दिए गए ग्रेड में पांच साल के लिए मूल संवर्ग में नियमित आधार पर पद धारण करना;

**या**

(iv) वेतन मैट्रिक्स में स्तर -08 (47600-151100 रुपये) या समकक्ष पद पर नियुक्ति के बाद दिए गए ग्रेड में सात साल के लिए मूल संवर्ग में नियमित आधार पर पद धारण करना;

तथा

**(ख) <u>जिसके पास</u>**

(i) प्रशासन या शैक्षिक प्रशासन या वित्त या कानूनी मामलों में दो साल का अनुभव हो;

(ii) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की जानकारी जैसे डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली को संभालना और ऑफ-लाइन और ऑन-लाइन इलेक्ट्रॉनिक्स संसाधनों का उपयोग करना।

**ग पद का नाम - कनिष्ठ लेखा अधिकारी - दो (02) पद।**

7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स (रु. 35400 से 112400) में स्तर - 06

**<u>आवश्यक योग्यताएँ:</u>**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान की उपाधि।
2. किसी सरकारी कार्यालय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त निकाय या वैधानिक निकाय में नकदी, लेखा और बजट कार्य में दो वर्ष का अनुभव।

3. (क) नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना।

**या**

(ख) वेतन मैट्रिक्स (रु. 25500 – 81100) में स्तर - 4 में पद पर दस साल की नियमित सेवा के साथ

**टिप्पणी:-**

1. चयन के समय रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है।
2. परिस्थितियों के अनुरूप एनसीटीई के पास पदों की संख्या बदलने या विज्ञापित पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।
3. पात्रता, सेवा, अनुभव और आवेदन जमा करने की प्रक्रिया से संबंधित विवरण एनसीटीई की वेबसाइट www.ncte.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
4. पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2023 होगी।
5. इस विज्ञापन का हाइपरलिंक है - http://ncte.gov.in/jobportal

03/08/23

**उप सचिव (प्रशा.I)**
**एनसीटीई, नई दिल्ली**

## सामान्य निर्देश

आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित प्रस्तुत आवेदन का प्रिंट आउट जिसके साथ पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/एपीएआर, सतर्कता मंजूरी, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए छोटे/बड़े दंड, यदि कोई हो, का विवरण और आवेदक का कैडर क्लीयरेंस, जिसे चयन की स्थिति में अवलोकन किया जा सकता है, के साथ उचित माध्यम से उप सचिव (प्रशासन), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), प्लॉट नंबर जी -7, सेक्टर -10, द्वारका, नई दिल्ली 110 075 को भेजा जा सकता है।

2. पूर्ण आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2023 होगी।

3. आगे की चयन प्रक्रिया के लिए केवल लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने मात्र से आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाएगा।

4. परिस्थितियों के अनुरूप एनसीटीई के पास पदों की संख्या बदलने या विज्ञापित पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

5. एनसीटीई वेबसाइट यानी www.ncte.gov.in पर जमा करने के बाद ऑनलाइन आवेदन प्रोफार्मा का प्रिंटआउट, आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और उचित माध्यम से दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन जमा करने के 15 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए। लिफाफे और बायोडाटा के शीर्ष पर आवेदित पद का नाम मोटे अक्षरों में लिखा जाय।

6. आवेदन अग्रेषित करते समय, संबंधित व्यक्ति के मूल संगठन में निर्धारित प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जाय कि आवेदक द्वारा प्रोफार्मा में दिए गए विवरण सही हैं और आवेदक के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है। **उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले या निर्धारित प्रोफार्मा में न होने वाले या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी तरह से कमियां पाए जाने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

7. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, उप सचिव और अवर सचिव के पद के लिए सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी

8. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

*****************